

शुभ नागपञ्चमी

अनन्तो वासुकिः पद्मो महापद्मश्च तक्षकः।
कुलीरः कर्कटः शङ्खश्चाष्टौ नागाः प्रकीर्तिताः॥

**हे महादेव हमारे अंतर्मन के कलुषित विष रूपी व्यसनों, विकारों का निष्पादन कीजिए।**


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 46 | इंदौर, सोमवार 21 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline



**Chandrayaan 3: चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने लीं चांद के सुदूर भाग की तस्वीरें, ISRO ने जारी कीं**



**Weather Update: हिमाचल, उत्तराखंड और यूपी समेत सात राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी; आॅरेंज अलर्ट जारी**

### सावन के सातवें सोमवार और नागपंचमी का संयोग

# नागचंद्रेश्वर के रूप में श्रृंगार, 40 मिनट में दर्शन का दावा, शाम 4 बजे सवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन । सावन महीने का सातवां सोमवार है। नागपंचमी और सोमवार का संयोग बना है। उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए रात 12 बजे से श्रद्धालु लाइन में लगना शुरू हो गए थे। रात 2.30 बजे भस्म आरती के लिए मंदिर के पट खोले गए। भगवान महाकाल का पंचामृत अभिषेक पूजन कर भस्म रमाई गई।**

पट खुलने के बाबा महाकाल को पंडे - पुजारियों ने नियमानुसार जल चढ़ाकर दूध, घी, शहद, शक्कर व दही से पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद बाबा का भांग, सूखे मेवों से श्रृंगार कर भस्म चढ़ाई। 1 घंटे चली भस्म आरती में बाबा का भांग, चंदन, फल, वस्त्र आभूषण से नागचंद्रेश्वर के रूप में विशेष श्रृंगार किया गया।



पंडित महेश पुजारी ने बताया कि सावन महीने में महाकालेश्वर मंदिर में पांच आरती होती हैं। सबसे खास भस्म आरती होती है। रोजाना पंचामृत किया जाता है। इन दिनों महाकाल को बेलपत्र और जल चढ़ाने का अलग महत्व है। कुछ भक्त एक से लेकर एक लाख तक बेल पत्र चढ़ाते हैं।

श्रावण माह का 7वां सोमवार और नागपंचमी पर आज उज्जैन कलेक्टर ने नगर निगम सीमा में आने वाले सभी प्री - प्राइमरी से 12वीं तक के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में अवकाश घोषित किया है।

**40 मिनट में दर्शन का दावा-** महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि भक्तों को 40 मिनट में बाबा के दर्शन मिल सकेंगे। तीन एंट्री पॉइंट हैं। श्रद्धालुओं को जिगजैग के जरिए कार्तिकेय और गणेश मंडपम से दर्शन कराए जा रहे हैं। दूसरे शहरों से आने वाले भक्तों के लिए साइन बोर्ड लगाए गए हैं। एरिये को सीसीटीवी से कवर किया गया है। इसके दो कंट्रोल रूम हैं। बड़ी एलईडी लगाई गई हैं। सात हेल्प डेस्क और महाकाल मंदिर और त्रिवेणी पर आकस्मिक चिकित्सा केंद्र भी स्थापित किए हैं। नागपंचमी होने के कारण इस बार व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

# एक दिन के लिए खुला श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर

### आधी रात को हुआ त्रिकाल पूजन; रात से कतारों में लगे भक्त, 1 घंटे में दर्शन का दावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। आज सावन महीने का सातवां सोमवार है। नागपंचमी और सोमवार का संयोग बना है। उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के शीर्ष पर विराजमान श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार आधी रात को खोल दिए गए। ये पट साल में एक बार नागपंचमी पर ही खुलते हैं। सबसे पहले श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरि महाराज ने त्रिकाल पूजन और अभिषेक किया। फिर दर्शन का क्रम शुरू हो गया।**



प्राचीनकाल से पंचांग तिथि अनुसार सावन महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन ही इस मंदिर के पट खुलने की परंपरा है। श्री नागचंद्रेश्वर भगवान की यह प्रतिमा 11वीं शताब्दी की है। इस प्रतिमा में फन फैलाए नाग के आसन पर शिव जी के साथ देवी पार्वती बैठी हैं। संभवतः दुनिया में ये एक मात्र ऐसी प्रतिमा है, जिसमें शिवजी नाग शैया पर विराजमान हैं।

मंदिर में शिवजी, मां पार्वती, श्रीगणेश जी के साथ ही सप्तमुखी नाग देव हैं। दोनों के वाहन नंदी और सिंह भी विराजमान हैं। शिव जी के गले और भुजाओं में भी नाग लिपटे हुए हैं।

### श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर में 1 घंटे में दर्शन का दावा

दर्शनार्थी चारधाम मंदिर की ओर लाइन में लगकर बैरिकेड से हरसिद्धि माता मंदिर और फिर बड़े गणेश मंदिर होते हुए श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने यहां तक जाने के लिए पिछले साल बनाए गए ब्रिज से ही व्यवस्था की है। चारधाम से लाइन में लगने के बाद करीब एक घंटे में लोगों को दर्शन का दावा मंदिर समिति ने किया है।

### नेपाल से लाकर मंदिर में स्थापित की गई श्री नागचंद्रेश्वर प्रतिमा

महाकालेश्वर मंदिर में सबसे नीचे भगवान महाकालेश्वर, दूसरे खंड में ओंकारेश्वर और तीसरे खंड में श्री नागचंद्रेश्वर भगवान का मंदिर है। यह मंदिर काफी प्राचीन है। माना जाता है कि परमार राजा भोज ने 1050 ईस्वी के करीब इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इसके बाद सिंधिया घराने के महाराज राणोजी सिंधिया ने 1732 में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। प्रतिमा नेपाल से लाकर मंदिर में स्थापित की गई थी।

### नागचंद्रेश्वर मंदिर के लिए यहां से करें प्रवेश

भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए श्रद्धालु भील समाज धर्मशाला से प्रवेश कर करेंगे। यहां से गंगा गार्डन के पास चारधाम मंदिर, पार्किंग स्थल जिगजैग, हरसिद्धि चौराहा, रूद्रसागर के पास, बड़ा गणेश मंदिर, गेट नंबर 4 या 5, विश्राम धाम, एरोब्रिज से होकर भगवान नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन किए जा सकेंगे।

भक्त एरोब्रिज के द्वितीय ओर से रैंप, मार्बल गलियारा, नवनिर्मित मार्ग, प्रीपेड बूथ चौराहा पहुंचेंगे। यहां से द्वार नंबर 4 या 5 के सामने से बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि चौराहा, नृसिंह घाट तिराहा होते हुए दोबारा भील समाज धर्मशाला पहुंचेंगे।

# किला मैदान के पास बनेगा देवी अहिल्या पार्क

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निगम के उद्यान विभाग ने जारी किए टेंडर, खर्च होंगे 3 करोड़ रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम देवी अहिल्या पार्क बनाने जा रहा है। यह पार्क निगम के जोन-1 किला मैदान के पास बनेगा। इसके लिए उद्यान विभाग ने टेंडर जारी कर दिए हैं। पार्क को डेवलप करने पर 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह राशि निगम को राज्य शासन से मिली है। दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद निगम ने देवी अहिल्या पार्क बनाने की प्लानिंग कर काम शुरू कर दिया था।**

स्मार्ट सिटी इंदौर में अब पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निगम उद्यान विभाग देवी अहिल्या पार्क बनाएगा। निगम के जोन-1 किला मैदान के सामने चौराहे पर लगी रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा के पीछे खाली पड़ी जमीन पर यह पार्क डेवलप होगा। इसके लिए 3 करोड़ रुपए की राशि राज्य शासन ने स्वीकृत की है, क्योंकि देवी अहिल्या पार्क बनाने के लिए 31 मई को इंदौर गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने देवी अहिल्या पार्क डेवलप करने की प्लानिंग कर काम शुरू करने के निर्देश उद्यान विभाग को दिए। उद्यान विभाग के अफसरों ने पार्क डेवलप करने की प्लानिंग कर टेंडर जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार 2 करोड़ 52 लाख रुपए से ज्यादा पार्क डेवलपमेंट पर खर्च होंगे। बाकी राशि जीएसटी पर खर्च होगी।

#### यह रहेगा पार्क में

महापौर भार्गव के अनुसार देवी अहिल्या पार्क में ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, चिल्ड्रन पार्क का निर्माण होगा। इसके साथ ही आकर्षक लाइट लगेगी, पौधे लगाए जाएंगे, लोगों के घूमने के लिए पाथवे बनेगा और बैठने के लिए गजीबो लगाए जाएंगे। यह पार्क अहिल्या माता की थीम पर डेवलप होगा। इसको लेकर टेंडर जारी हो गए हैं। टेंडर आने और मंजूर होने के साथ वर्कऑर्डर निकलते ही तय समय सीमा में पार्क का काम पूरा कराया जाएगा।

## भगवान सांवरिया सेठ 56 करोड़ का मायरा लेकर पहुंचे नानीबाई के घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री परिसर में चल रही नानीबाई के मायरे की कथा में आज जैसे ही मायरे का प्रसंग आया, भगवान सांवरिया सेठ स्वयं एक रथ में मायरे का 56 करोड़ का सामान लेकर गाजे-बाजों के साथ कथास्थल पहुंचे, वहां मौजूद भक्तों का सैलाब आल्हादित हो उठा। हर कोई नानी बाई और नरसी मेहता के प्रति भगवान की करुणा और कृपा का भावपूर्ण विवरण सुन कर भावुक हो उठा। अनेक आंखे सजल हो उठी और बाबाश्री परिसर भगवान के जयघोष से गूंज उठा। बाबाश्री पारमार्थिक ट्रस्ट के तत्वावधान में गत 18 अगस्त से वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के सान्निध्य में साध्वी कृष्णानंद के श्रीमुख से नानीबाई के मायरे की कथा का दिव्य आयोजन चल रहा था। आज शाम इस कथा में मायरे का मुख्य प्रसंग एवं उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इसके लिए कथास्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, जगदीश बाबाश्री, श्याम अग्रवाल , गणेश गोयल, पीडी अग्रवाल, हरी अग्रवाल, छोटू शुक्ला, अजय अग्रवाल सहित अनेक श्रध्दालुओं ने व्यास पीठ का पूजन किया।

## सूरत और राजकोट के लिए इंदौर से सीधी हवाई सेवा आज से शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गुजरात के व्यापारिक महत्व के दो प्रमुख शहर सूरत और राजकोट के लिए इंदौर से सीधी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। इससे व्यापार के लिए गुजरात जाने वाले व्यापारियों को खास तौर पर फायदा होगा। विमान कंपनी इंडिगो 21 अगस्त से दोनों शहरों के लिए उड़ान शुरू करेंगी। अब तक गुजरात के दोनों औद्योगिक शहरों के लिए सीधी हवाई कनेक्टिविटी नहीं थी। विमान कंपनी ने जुलाई में आखिरी सप्ताह में उड़ान शुरू करने की घोषणा करते हुए बुकिंग शुरू कर दी थी। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन का कहना है कि कपड़े, हीरे, हार्डवेयर और अन्य मैन्युफेक्चरिंग उद्योग के कारण इंदौर और आसपास के कई व्यापारी इन दोनों शहरों में खरीदारी करने जाते हैं। सड़क मार्ग से जाने में 10 से 15 घंटे का समय लगता है। अब सीधी उड़ान शुरू होने से व्यापारी डेढ़ से दो घंटे में पहुंच जाएंगे। टूरिज्म की दृष्टि से भी दोनों शहर महत्वपूर्ण हैं।

## कालेश्वर धाम में होगा आयोजन
### नाग पंचमी पर नाग मंदिर में रजत नागदेवता का अनुष्ठान व श्रृंगार

**इंदौर।** सुदामा नगर स्थित कालेश्वर धाम में नाग पंचमी के अवसर पर भव्य आयोजन होगा। यहां 6 फीट कुंडली में बैठे नाग देवता की चांदी की प्रतिमा विराजमान है। विगत 22 वर्षो से नाग पंचमी का भव्य आयोजन किया जाता आ रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कालेश्वर धाम पर नाग पंचमी पर भव्य आयोजन होंगे। सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक भक्त यहां दर्शन कर सकेंगे। यहां सुबह 9 बजे नाग देवता का महाअभिषेक किया जाएगा। विशेष समाधान शाम 4 से 6 बजे तक होंगे। रात 8 बजे नाग देवता की महाआरती की जाएगी। इसके साथ ही कुंडली में कालसर्प है उनके लिए नाग मंत्रों से अभिमंत्रित कालसर्प यंत्रों का निशुल्क वितरण किया जाएगा। नाग पंचमी पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचेंगे।

## मूक बधिर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने गीता भवन में किया शिवलिंग का पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गीता भवन में श्रावण एवं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं गीता भवन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गुजरात के उत्स्व चेरिटेबल ट्रस्ट के विद्वान आचार्यों द्वारा सवा लाख पंचमुखी रुद्राक्ष से निर्मित 13 फीट ऊंचे शिवलिंग एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शनार्थ भक्तों का तांता दिनों-दिन बढ़ रहा है। आज स्कीम 71 स्थित मूक बधिर विद्यालय के 110 बच्चों ने भी गीता भवन पहुंचकर भावविभोर हो कर इस शिवलिंग की पूजा-अर्चना की।

गीता भवन में वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के सानिध्य में समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, राम ऐरन, रामविलास राठी आदि ने बच्चों की अगवानी की। मूक बधिर संस्थान के अध्यक्ष मुरलीधर धामानी, संयोजक किशोर गोयल, श्याम अग्रवाल, राजेश बंसल, संजय गोयनका, अग्रवाल परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, अजय मंगल, अशोक बूबना , राजेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ने भी पूजा-अर्चना की। यहां चल रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग के रुद्राभिषेक में गुजरात के आचार्य पं. विजयभाई शास्त्री के निर्देशन में योग शिक्षक नंदिनी, रानी, माधुरी, पिंकी, रुबी, अनिता, जयश्री, सरिता, दीपाली, रोमी, आकांक्षा सहित योग से जुड़े अनेक छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षकों ने भी शिवलिंग की पूजा-अर्चना की।

## कटाक्ष




## 52 हजार 845 स्कूली बच्चों को एक लाख 5 हजार 690 गणवेश वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी 849 स्कूलों में अध्यनरत सभी 52 हजार 845 विद्यार्थियों को दो यूनिफार्म के मान से एक लाख 5 हजार 690 गणवेश का वितरण किया गया है। इंदौर में ह्यदो साल से सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को नहीं मिली यूनिफार्म, जो मिली वह छोटी है्ह्व, शीर्षक से एक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के संबंध में वस्तुस्थिति जारी की गई है।

जिला पंचायत की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने बताया है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में वित्त वर्ष 2022-23 के 849 स्कूलों में अध्ययनरत कुल 52 हजार 845 छात्र-छात्राओं हेतु 02 ड्रेस के मान से एक लाख 5 हजार 690 (कक्षा 01 से 04 एवं 06 व 07) वितरण स्व सहायता समूहों के माध्यम से किया जाना था। इस हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से सत्र 2022-23 में गणवेश वितरण से संबंधित कार्यवाही हेतु मेप आईटी द्वारा जीविका पोर्टल तैयार किया गया था। उक्त पोर्टल में राज्य शिक्षा केन्द्र के निदेशार्नुसार जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही शालाओं एवं छात्रों की संख्या को अध्ययन कर सत्यापित किया गया। पोर्टल पर शालाओं में छात्रों की संख्या के सत्यापन उपरांत ग्रामीण आजीविका मिशन के चयनित स्व सहायता समूहों को उक्त पोर्टल पर संबंधित शालाओं में गणवेश प्रदाय करने हेतु मेप किया गया। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा पोर्टल पर सत्यापन ह्वउपरांत ग्रामीण क्षेत्र की कुल 849 स्कूलें प्रदर्शित हुई। जिनमें कुल 24हजार 985 छात्र एवं 27 हजार 860 छात्राओं की जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन अनुसार कुल 99 स्व सहायता समूहों के साथ मेप की जाकर पोर्टल के माध्यम से 52 हजार 845 छात्रों (कक्षा 01 से 04 एवं 06 व 07) हेतु कुल एक लाख 5 हजार 690 जोड़ी गणवेश प्रदाय करने हेतु आदेश प्राप्ती पश्चात् पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से प्राप्त निर्देश व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की उपार्जन नीति अनुसार चयनित स्व सहायता समूहों द्वारा स्वयं के स्तर पर मार्केट सर्वे कर गणवेश हेतु कपडा एवं अन्य सहयोगी सामग्री खरीदी हेतु संबंधित समूहों द्वारा ही समस्त कार्यवाही कर उपार्जन नियमों का पालन करते हुए समस्त क्रय प्रक्रिया सम्पादित की गयी। पोर्टल से जनरेट आदेश में प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्रा हेतु दिये गये मानक साईज अनुसार ही स्व सहायता समूह द्वारा गणवेश तैयार कर संबंधित शालाओं में प्रदाय की गयी है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 15 अगस्त 2023 से पूर्व पोर्टल पर जनरेट आदेश अनुसार समस्त शालाओं में समूह द्वारा गणवेश वितरित कर दी गयी हैं। जिले में पोर्टल पर जनरेट आदेशानुसार शत-प्रतिशत गणवेश वितरित कर दिये गये है।

### जय माधव के उदघोष के साथ शोभायात्रा में चांदी के रथ पर विराजमान होगें श्रीकृष्ण

इंदौर। यादव अहीर समाज केंद्रीय समिति के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आगामी 7 सितंबर को बड़े गणपति चौराहे से श्रम शिविर, जेलरोड तक परंपरागत शोभायात्रा निकलेगी। बैठक में समाजजनों ने सुझाव दिए कि अनुशासन, संयम, मयार्दा एवं संगठित होकर शोभायात्रा में जय माधव के उदघोष के साथ भगवान श्रीकृष्ण को रथ पर विराजमान कर मातृशक्ति एवं बंधुगण रथ खींचते हुए साथ चलेंगे। यादव अहीर समाज में भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा को लेकर विशेष उत्साह है।

# गुजरात विधायकों की ढोल धमाके के साथ अगवानी

## ◆ कोर कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं और पार्षदों से लिए फीडबैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में 9 विधानसभा सीटों पर जिताऊ और टिकाऊ के फॉर्मूले की रणनीति के मामले में गुजरात के विधायक इंदौर पहुंचे हैं।**

इसके साथ इन विधायकों ने 9 विधानसभा सीटों पर कार्यकताओं व मतदाताओं का मिजाज जानने के लिए कोर कमेटी की बैठकें शुरू कर दी है। गुजरात के विधायक कौशिक जैन का विधानसभा 4 में भाजपाइयों ने हार पहनाकर तिलक लाकर और ढोल धमाके के साथ अगवानी की।

शनिवार रात को सबसे पहले विधायक हार्दिक पटेल इंदौर आए। उन्हें पहले विधानसभा 5 का प्रभार दिया गया था लेकिन फिर सांवेर दिया गया। इसके बाद अन्य विधायकों का आने का सिलसिला शुरू हो गया। विधानसभा 3 के लिए अहमदाबाद से विधायक कंचन बेन इंदौर पहुंची। उन्होंने सरोवर पोर्टिको होटल में विश्राम किया और विधानसभा के पार्षदों व कार्यकर्ताओं से सीट को लेकर स्थिति जानी। इसके साथ ही चुनाव की तैयारियों, संभावित प्रत्याशियों सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी जुटाई और फीडबैक लिया। इसके बाद वे पितृ पर्वत पहुंचे।



### सूरत के विधायक संदीप देसाई को मिली विधानसभा 5 की जिम्मेदारी

विधानसभा 5 के लिए सूरत के विधायक संदीप देसाई इंदौर पहुंचे। उन्होंने बरसाना गार्डन के पास स्थित एक होटल में बैठक ली। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के कुछ पार्षद थे जबकि कुछ ग्वालियर गए हुए हैं। देसाई ने यहां पार्षदों से बीते सालों के विधानसभा चुनावों में इस सीट की स्थिति को लेकर जानकारी जुटाई। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति कमजोर है उसके कारण तलाशे।

### नए सदस्य बनाने का फार्मूला

इसी तरह विधानसभा 1, 2, 4 सहित ग्रामीण क्षेत्रों की सीटों के लिए भी अलग-अलग विधायकों ने बैठकें लेना शुरू कर दी है। इन विधायकों ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार मतदाताओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। इसके साथ ही पार्टी के नए सदस्य बनाने फामूर्लों के बारे में बताया। कल इनमें से कुछ विधायक खजराना गणेश मंदिर जाएंगे।

### गृहमंत्री अमित शाह को देंगे फीडबैक

ये सभी एक हफ्ते रोज अलग-अलग बैठकें लेंगे और गृह मंत्री अमित शाह को फीडबैक देंगे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर न केवल टिकट तय होगा, बल्कि यह भी तय होगा कि उस विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कैसे लड़ना है। ये विधायक अपनी रिपोर्ट में यह भी बताएंगे की इंदौर के किस नेता की जमीन मजबूत है और कहां पार्टी संकट में है। चुनाव की तैयारियों के लिए गुजरात के विधायकों के इंदौर में आने के बाद चुनाव सरगर्मी बढ़ गई है।



**श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर**

# एक मात्र ऐसी प्रतिमा जिसमें विष्णु भगवान की जगह भोलेनाथ सर्पशैय्या पर विराजमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। हिंदू धर्म में सदियों से नागों की पूजा करने की परंपरा रही है। भारत में नागों के अनेक मंदिर हैं, इन्हीं में से एक मंदिर है ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर के द्वितीय तल पर स्थित श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर। इस मंदिर की खास बात यह है कि यह साल में सिर्फ एक दिन नागपंचमी पर ही दर्शनों के लिए खोला जाता है। ऐसी मान्यता है कि नागराज तक्षक स्वयं मंदिर में रहते हैं।**

नागचंद्रेश्वर मंदिर में 11वीं शताब्दी की एक अद्भुत प्रतिमा है, इसमें फन फैलाए नाग के आसन पर शिव-पार्वती बैठे हैं। कहते हैं यह प्रतिमा नेपाल से यहां लाई गई थी। उज्जैन के अलावा दुनिया में कहीं भी ऐसी प्रतिमा नहीं है। पूरी दुनिया में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें विष्णु भगवान की जगह भगवान भोलेनाथ सर्प शय्या पर विराजमान हैं। मंदिर में स्थापित प्राचीन मूर्ति में शिवजी, गणेशजी और मां पार्वती के साथ दशमुखी सर्प शय्या पर विराजित हैं। शिवशंभू के गले और भुजाओं में भुजंग लिपटे हुए हैं।

सर्पराज तक्षक ने शिवशंकर को मनाने के लिए घोर तपस्या की थी। तपस्या से भोलेनाथ प्रसन्न हुए और उन्होंने सर्पों के राजा तक्षक नाग को अमरत्व का वरदान दिया। मान्यता है कि उसके बाद से तक्षक राजा ने प्रभु के सान्निध्य में ही वास करना शुरू कर दिया। लेकिन महाकाल वन में वास करने से पूर्व उनकी यही मंशा थी कि उनके एकांत में विघ्न ना हो अतः वर्षों से यही प्रथा है कि मात्र नागपंचमी के दिन ही वे दर्शन को उपलब्ध होते हैं। शेष समय उनके सम्मान में परंपरा के अनुसार मंदिर बंद रहता है। इस मंदिर में दर्शन करने के बाद व्यक्ति किसी भी तरह के सर्पदोष से मुक्त हो जाता है, इसलिए नागपंचमी के दिन खुलने वाले इस मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतार लगी रहती है। माना जाता है कि परमार राजा भोज ने 1050 ईस्वी के लगभग इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इसके बाद सिंधिया घराने के महाराज राणोजी सिंधिया ने 1732 में महाकाल मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। उस समय इस मंदिर का भी जीर्णोद्धार हुआ था।

# पत्नी, साला और साली की गोली मारकर हत्या

**◆मां ने कहा-मेरी बेइज्जती हुई, युवक ने तीनों पर की ताबड़तोड़ फायरिंग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। मुरैना ने एक सिरफिरे युवक ने अपनी पत्नी, साला और साली की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक की पत्नी का उसकी सास से आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता था। साला और साली इसी विवाद को सुलझाने आए थे। मां ने अपने बेटे से कहा कि इन लोगों ने मेरी बेइज्जती की। गुस्साए बेटे ने पत्नी समेत तीनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की दी। घटना रविवार सुबह 11 बजे की है।**

आरोपी त्रिलोकी परमार की शादी 12 साल पहले भिंड की अटेर निवासी राखी से हुई थी। राखी की अपनी सास से अक्सर लड़ाई होते रहती थी। उसने अपने भाई युवराज तथा बड़ी बहन जूली को फोन करके यह बात बताई थी। रविवार को भाई युवराज तथा बड़ी बहन जूली उसे लेने बागचीनी पहुंचे। वहां उन्होंने राखी की सास से बात की। बात करते-करते विवाद बढ़ गया। उस वक्त त्रिलोकी परमार घर पर नहीं था। वह बाजार गया हुआ था।

### बस स्टैंड पर कर रहे थे तीनों इंतजार

दोनों बहन व भाई के घर से निकलने के बाद मां ने बेटे त्रिलोकी को फोन किया कि उसके साले और साली ने उसकी बहुत बेइज्जती की है। यह बात त्रिलोकी को नागवार गुजरी और वह गुस्से से आग बबूला हो उठा। वह घर आया लेकिन तीनों लोग उसे नहीं मिले। वह तुरंत बस स्टैंड पहुंचा। बस स्टैंड पर तीनों बस का इंतजार कर रहे थे। उसने वहां कट्टे से पांच फायर कर तीनों की हत्या कर दी। युवराज और राखी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जूली ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

### आरोपी फरार, इलाके में फोर्स तैनात

बागचीनी बस स्टैंड पर गोली की आवाज सुनते ही हड़कंप मच गया था। घटना स्थल से आरोपी त्रिलोकी परमार फरार हो गया। उसके साथ उसकी मां और दो बच्चे भी साथ है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान भी बागचीनी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। क्षेत्र में फोर्स तैनात की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

**समर्थक का टिकट कटने पर सिंधिया बोले**

# यह कांग्रेस नहीं है आपका गुट, मेरा गुट चलेगा, जीतने वाले को जरुर मिलेगा टिकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए। पहली सूची में सिंधिया समर्थक पूर्व विधायक का टिकट कटने पर उन्होंने कहा कि कोई आपके साथ नहीं हैं, कोई मेरे साथ नहीं है।

सभी भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। यह कांग्रेस पार्टी नहीं है आपका गुट रहेगा, मेरा गुट रहेगा और उनका गुट रहेगा। यह सारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। जो जिताऊ है उसे जरुर टिकट मिलेगा। इसी नीति के साथ भारतीय जनता पार्टी काम करती है।

ग्वालियर में रविवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। इसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, सह प्रभारी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित 1800 प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी में शामिल होने के लिए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार सुबह ग्वालियर पहुंचे हैं। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पहुंचने से पहले गेट पर भी मीडिया से उन्होंने बात की। इस दौरान भाजपा की पहली सूची में 39 नाम रहे हैं। इनमें से गोहद विधानसभा सीट पर उनके कट्टर समर्थक का टिकट कटने का सवाल पूछा तो सिंधिया का कहना था कि यह कांग्रेस नहीं है। यहां गुट नहीं होते हैं, जो जिताऊ है उसे टिकट जरुर मिलेगा।

सिंधिया बोले-रणनीति 2023 और 2024 के लिए बन रही है

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण संकल्प मेरा बूथ के साथ आगे बढ़ रहा है। यहां रणनीति 2023 व 2024 के लिए बन रही है। दोनों चुनावों में जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी का परचम पूरे देश में फहराएंगे।

### अमित शाह के पहली बार बैठक में आने पर कहा

सिंधिया ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह का पुराना संबंध मध्य प्रदेश के साथ रहा है। इस बार भी पूर्ण चुनाव की कमान अमित शाह संभाल रहे हैं। यह पहली बैठक नहीं है हमारी कई बैठकें भोपाल, इंदौर में हुई हैं। उसी तारतम्य में इस कार्य समिति की बैठक में उनका आगमन शुभ शुरुआत का संकल्प व संदेश देगा।

# मंडला-जबलपुर हाईवे पर एक्सीडेंट, रायपुर से उप्र जा रहा ट्रक टकराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मंडला-जबलपुर हाईवे पर अंजनिया के नजदीक एक ट्रक ब्रेक फेल होने की वजह से एक खड़े ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें ड्राइवर और कंडक्टर ट्रक में ही फंसे रह गए। उन्हें पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से निकाला। जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। दोनों को ही गंभीर रूप से घायल बताये गये हैं। घटना के विषय में बताया गया है कि रायपुर से लोहा लेकर उत्तरप्रदेश जा रहा एक ट्रक का अंजनिया पहुंचने के पहले बड़ा घाट उतरते समय ब्रेक फेल हो गया। वह एक खड़े ट्रक से जा टकराया। इस हादसे में ट्रक चालक एवं परिचालक ट्रक में ही फंसे रह गए। उन्हें अंजनिया पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से केबिन को तोड़कर निकाला गया। चालक और परिचालक करीब आधे घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान भीड़ जमा होने की वजह से नेशनल हाइवे में भी आवागमन बाधित हो गया। ट्रक के चालक का नाम चंद्रभान रैदास (29) पिता छंगू रैदास एवं परिचालक अवधेश रैदास (42) दोनों निवासी जिला मोहकर थाना भाकलपुर उत्तर-प्रदेश बताये गये हैं। इस हादसे में दोनों को ही गंभीर चोटें आई हैं। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# विवाहिता से दुष्कर्म किया, रोड पर छोड़ गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** विवाहिता से दुष्कर्म के मामले में मोहदा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पीड़िता से न केवल दुष्कर्म किया बल्कि उसे बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले गए और उसे हरदा में छोड़कर भाग गए। जैसे-तैसे लौटी पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। घटना थाना मोहदा इलाके के गांव की है। इस मामले में दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना मोहदा में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी लाला बारस्कर और केंडे दिनकर निवासी नीमढाना के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है। इस मामले में आरोपी लाला पिता कालूराम बारस्कर (26) साल और आरोपी मोतीलाल उर्फ केंडे नंदू दिनकर (19) को आज गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी नेपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता का पति रात में मछली मारने गया था। वह अपने बच्चों और सास के साथ घर पर अकेली थी। रात में जब वह लघुशंका के लिए उठकर घर से बाहर गई तो आरोपी लाला और केंदे ने उसे पकड़ लिया और घर के पीछे मक्का बाड़ी में ले गए। उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद आरोपी उसे एक बाइक पर बैठाकर हरदा ले गए और उसे सड़क पर छोड़कर भाग निकले।



# संपादकीय

## मणिपुर: चिंता स्वाभाविक

लगातार हिंसक घटनाओं के बाद अब कुकी इलाकों में अलग प्रशासन तक की मांग तेज हो रही है। ऐसी स्थिति में नगा संगठनों की ओर से भी यह मांग उठ रही है कि 'किसी अन्य समुदाय' की मांगों पर गौर करते हुए नगा हित प्रभावित न हों। मणिपुर में जो हालात हैं, उसमें यह चिंता स्वाभाविक हो सकती है, लेकिन अगर आगे नगा समुदाय के भी उग्र या हिंसक होने की स्थितियां बनती हैं तो इससे समस्या का कोई हल नहीं निकलेगा, बल्कि हालात और जटिल ही होंगे। हालांकि यह आशंका भी जताई जा रही है कि ताजा हिंसा किसी अन्य पक्ष की ओर से समस्या को उलझाने की कोशिश भी हो सकती है! खबरों के मुताबिक तीन युवकों पर उस समय हमला हुआ, जब वे अपने गांव थोवई की रखवाली कर रहे थे। थोवई कुकी समुदाय का गांव है। हालांकि सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने आरोपियों की तलाश की बात कही है, लेकिन अब नए सिरे से ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या हिंसा की आग में अब नगा भी कूद पड़े हैं! अगर वास्तव में ऐसा होता है तो पहले से ही जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में हालात और मुश्किल होंगे, इसका दायरा कुछ पड़ोसी राज्यों को भी प्रभावित कर सकता है। सवाल है कि करीब तीन महीने पहले शुरू हुई हिंसा और अराजकता अगर अब भी नहीं थम सकी है, तो इसकी जिम्मेदारी किस पर है। सही है कि इस बीच सरकार की ओर से हर स्तर पर सख्ती बरतने, शांति कायम करने के लिए सेना तक उतारने की कवायदें की गईं। हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने शांति समिति भी गठित की, लेकिन ऐसा लगता है कि इस सबका कोई खास असर नहीं पड़ा। एक छोटे से राज्य में हिंसा पर काबू पाना अब भी मुश्किल बना हुआ है। मई की शुरुआत से जारी जातीय हिंसा ने राज्य को एक तरह से अलग-अलग हिस्सों में विभाजित कर दिया है।

**Quote...**

"Don't judge each day by the harvest you reap but by the seeds that you plant."

-Robert Louis Stevenson

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जीवन में एक मंत्र होना चाहिये ...गुरु का दिया हुआ ...जिसने मंत्र का दर्शन किया है ... मन का दृष्टा है... जो मंत्र में डूबा रहता है ...मंत्र को सिद्ध किया है... और शुद्ध भाव से जपता है ऐसे महापुरुष से हमारे जीवन में कोई एक मंत्र होना चाहिए... मंत्र का एक अर्थ विचार भी होता है... एक परम जो हम दोहराएं बार बार... जप करें ...जपात सिद्धि...**

**।। रामकथा ।। मानस गुरु वंदना ।।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# आज शुक्ल योग में मनाई जाएगी नाग पंचमी

## ◆ जानें शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और उपाय

नाग पंचमी का त्योहार भारत के खास पर्वों में से एक माना जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, नाग पंचमी श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है. इस साल नाग पंचमी का त्योहार 21 अगस्त यानी आज मनाया जा रहा है. भारतीय परंपरा के अनुसार, नाग पंचमी साल में दो बार आती है. नाग पंचमी के दिन नाग देवता की उपासना की जाती है. आइए जानते हैं नाग पंचमी का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि.



### ◆ नाग पंचमी शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, नाग पंचमी का त्योहार हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है. पंचमी तिथि कि शुरुआत 21 अगस्त यानी आज रात 12 बजकर 21 मिनट पर होगी और समापन 22 अगस्त यानी कल रात 2 बजे होगा. नाग पंचमी का पूजा मुहूर्त 21 अगस्त यानी आज सुबह 5 बजकर 53 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक रहेगा.

### ◆ नाग पंचमी पूजन विधि

नाग पंचमी के देव आठ देव माने गए हैं. इस दिन में अनन्त, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट और शंख नामक अष्टनागों की उपासना की जाती है. नाग पंचमी से एक दिन पहले चतुर्थी के दिन एक बार भोजन करें तथा पंचमी के दिन उपवास करके शाम को भोजन करना चाहिए. पूजा करने के लिए नाग चित्र या मिटटी की सर्प मूर्ति को लकड़ी की चौकी के ऊपर स्थान दिया जाता है. फिर हल्दी, रोली (लाल सिंदूर), चावल और फूल चढ़कर नाग देवता की पूजा की जाती है. उसके बाद कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर लकड़ी के पट्टे पर बैठे सर्प देवता को अर्पित किया जाता है. पूजन करने के बाद सर्प देवता की आरती उतारी जाती है. सुविधा की दृष्टि से किसी सपेरे को कुछ दक्षिणा देकर यह दूध सर्प को पिला सकते हैं. अंत में नाग पंचमी की कथा अवश्य सुननी चाहिए.

### ◆ नाग पंचमी उपाय

1. नाग पंचमी के दिन भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए चंदन की लकड़ी से बनी 7 मौली शिव मंदिर में चढ़ाएं. इसके अलावा भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए शिवलिंग पर अर्क, पुष्प, धतूरा, फल और दूध से जलाभिषेक करें.
2. कुंडली में राहु केतु के दोष से मुक्ति के लिए इस दिन नाग देवता की उपासना करनी चाहिए.
3. नाग पंचमी के दिन अष्ट नागों की उपासना करें और साथ ही भगवान शिव के मंत्रों का उच्चारण करें. इससे घर की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा.

### नाग पंचमी कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र थे. जब जनमेजय ने पिता की मृत्यु का कारण सर्पदंश जाना तो उसने बदला लेने के लिए सर्पसत्र नामक यज्ञ का आयोजन किया. नागों की रक्षा के लिए यज्ञ को ऋषि आस्तिक मुनि ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन रोक दिया और नागों की रक्षा की. इस कारण तक्षक नाग के बचने से नागों का वंश बच गया. आग के ताप से नाग को बचाने के लिए ऋषि ने उनपर कच्चा दूध डाल दिया था. तभी से नागपंचमी मनाई जाने लगी. वहीं नाग देवता को दूध चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई.

## Highlights

1. 7 pilgrims from Gujarat dead, 28 injured in bus accident in U'khand
2. If India is charging us, we'll tax them: Trump on reciprocal tax if he becomes US Prez
3. Schools shut amid surge in conjunctivitis in 3 Nagaland districts
4. Slain BJP leader Sana Khan was used as 'honey-trap' in sextortion ring run by husband
5. 'Papa, I'm alive,' woman on video call as family wrongly cremates another girl in Bihar

# Devialet Mania is a definitive case for portability as a passage to luxury audio

**NEW DEIHI, (Agency).** Devialet, the French luxury audio brand, is quite renowned for its rather radical take on audio speakers. The Phantom and Phantom II carry that legacy. Therefore, when they decided to appeal to a slightly broader demographic with a comparatively more affordable speaker, they homed in on a rather interesting name — Devialet Mania.

There is a reason why we've reached where we've reached with the Devialet Mania. It is reflective of a strategy that many luxury brands have adopted of late, coupled with the aspirational 'pull' element with a few products that are comparatively more affordable than their luxury line. In the case of Devialet, the Mania ($900; or around ₹1,02,000 in India) complements the Phantom I ($2,500



onwards) and Phantom II ($1,300 onwards). The hope is that those buyers will upgrade to something from their traditional luxury line, sooner or later.

The Mania is a really compact wireless speaker, but neither the size, nor the significant reduction in asking price has blunted the visual drama it creates as it sits on the mantlepiece, an end table or the bookshelf. The design isn't exactly a sphere, though very well looks like one. Devialet's approach involved creating what they call an "exoskeleton", quite apparent if you look closely at the metal lines that run through in different directions. All of that is then wrapped in a woven fabric.

The silicon-esque strip that wraps the circumference of the Devialet Mania, is where the controls sit and it extends to create a handle to carry this around too. We'll get to that in a moment, because every time I interfaced with this, a singular question arose without fail – what was Devialet thinking?

# Jio Financial Services to be listed today: Key details you need to know

**Mumbai, (Agency).** Jio Financial Services (JFS), a part of the conglomerate Reliance Industries led by billionaire Mukesh Ambani, is set to make its debut on stock exchanges on Monday, according to exchange circulars.

"Trading Members of the Exchange are hereby informed that effective from Monday, August 21, 2023, the equity shares of Jio Financial Services Ltd (formerly known as Reliance Strategic Investments Limited)



shall be listed and admitted to dealings on the Exchange in the list of T Group of Securities," the BSE said in a notice on Friday.

Reliance had last month spun off JFS, with the stock price set at a much higher-than-expected ₹261.85. This valuation placed JFS at approximately $20 billion during a special trading session.

JFS is part of major Indian indexes, including the benchmark Nifty 50. However, despite its presence, trading remains inaccessible until its listing and it will be removed at the end of its third day of listing, as per exchange rules.

All you need to know about Jio Financial Services:

1) Reliance Industries demerged its financial services operations, transferring them to RSIL (Reliance Strategic Investments Ltd). This entity was subsequently renamed as JFSL (Jio Financial Services Ltd). Shareholders got one JFSL share for each Reliance share they held.

2) JFSL will offer a broad range of financial services solutions and has plans to expand operations into insurance, digital payment and asset management verticals.

Uttarpradesh

# पटना-कोटा एक्सप्रेस में यात्रियों की मौत: शौचालय और गैलरी में हुए निढाल, 17 घंटे मची चीख-पुकार; फूल गए हाथ-पैर

**आगरा, (एजेंसी)** काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के बाद अगला पड़ाव मथुरा था। बम-बम भोले और कान्हा के गीत-भजन गाने के बाद लोगों ने भोजन किया। 10 बजे से लोगों को दस्त, उल्टी, पेट में दर्द, घबराहट की परेशानी होने लगी। 10:45 से हालत बिगड़ने लगी और शौचालय, सीट पर ही निढाल होते देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

एसएन में भर्ती उत्तम साहू के चचेरे भाई चेतन लाल ने बताया कि बनारस से शाम को करीब पांच बजे मथुरा के लिए रवाना हुए। 9 बजे खाने के बाद लोग सीटों पर सोने चले गए। कई लोगों ने खाना नहीं खाया था और आपस में बातचीत कर रहे थे। 10 बजे के बाद एक-एक करके लोग उठने लगे और पेट में दर्द, घबराहट की परेशानी बताई। उल्टी-दस्त होने पर घर से लाए दवाएं खाईं।

पौने ग्यारह बजे से तो तीनों बोगी में 35-40 यात्रियों को



उल्टी-दस्त होने लगे। कई तो शौचालय में ही गिर पड़े, इनको लेकर आते तो सीट पर दूसरा साथी उल्टियां करने लगता। तीनों ही बोगियों में ये हाल देख लोग घबरा गए और चीखने-चिल्लाने लगे।

20 की सुबह 11 बजे तक दवाएं खत्म होने के बाद हालात और बिगड़ गए। गैलरी, सीट, शौचालय में लोग गिरे पड़े थे। लगता था कि अब किसी की जान नहीं बच पाएगी। आगरा कैंट स्टेशन आने तक दो की मौत हो चुकी थी। यहां आने के बाद इलाज मिला, जिससे बाकी की जान बच गई।

मृतका नेताम की बेटी सुनीति गंदर्भ ने बताया कि मां, बहन और भाभी के साथ यात्रा में आए। मैंने और भाभी ने भूख नहीं लगने के कारण खाना नहीं खाया था। खाने के घंटे-डेढ़ घंटे तो लोगों की हालत ही बिगड़ना शुरू हो गया। मां नेताम और छोटी बहन अनीता तो बेहोश हो गई। ऐसे ही और भी यात्रियों का हाल देख सभी के हाथ-पैर फूल गए। क्या करें, क्या न करें ये भी समझ में नहीं आ रहा था। वे 16-17 घंटे दिल दहला देने वाले थे।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की विधायक पर मंच पर हमला, चाकू लेकर अचानक शख्स ने कर दिया वार

**राजनांदगांव, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की विधायक छन्नी चंदू साहू उस वक्त घायल हो गईं जब कथित तौर पर नशे में धुत एक शख्स ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। घटना राजनांदगांव में हुई। आरोपी की पहचान खिलेश्वर के रूप में हुई, जिसे हिरासत में ले लिया गया है।

महिला विधायक पर रविवार शाम को दोनगरगांव पुलिस थाने के तहत आने वाले जोधरा गांव में हमला हुआ। खुज्जी सीट से विधायक साहू एक सार्वजनिक समारोह में हिस्सा लेने पहुंची थीं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, साहू मंच पर बैठी थीं। अनाचक नशे में शख्स चाकू लेकर वहां पहुंच गया और विधायक पर वार कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साहू को कलाई पर मामूली जख्म हुआ, जिसके बाद उन्हें छुरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उनको प्राथमिक उपचार दिया गया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने घटना की निंदा की और कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है।

Bihar

## प्रेमी के लिए संगीता ने भी पार की सरहद, पति और दो बच्चों को छोड़कर आई भारत

**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के दरभंगा में भी सीमा हैदर जैसी मिलती-जुलती कहानी देखने को मिली है. हलांकि, इस कहानी में थोड़ा अंतर यह है कि यहां प्रेमी पहले से ही शादीशुदा और दो बच्चों का बाप निकला. दरअसल, नेपाल की रहने वाली संगीता देवी ने प्रेमी गोविंद के लिए पहले पति को तलाक दे दिया. फिर गोविंद से शादी कर ली.

लेकिन उसे नहीं पता था कि गोविंद पहले से ही शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं. गोविंद उसे काफी समय से इग्नोर कर रहा था. संगीता को पता नहीं लग रहा था कि आखिर गोविंद उसके साथ ऐसा क्यों कर रहा है. उसने गोविंद के असली घर का पता निकलवाया. फिर जब वह उसके घर पहुंची तो उसके होश उड़ गए. पता चला जिस गोविंद ने उससे शादी की है वह तो पहले से ही शादीशुदा है. इसके कारण घर में काफी हंगामा हुआ.

Jammu & Kashmir

## सुबह-सुबह खुशखबरी, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में लश्कर कमांडर समेत दो आतंकी ढेर

**पुलवामा, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार सुबह पुलवामा में जारी मुठभेड़ में भारतीय सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। माना जा रहा है कि मारा गया आतंकी लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर हो सकता है। फिलहाल, इलाके में तलाशी अभियान जारी है। खबर है कि अब तक आतंकियों के शव बरामद नहीं हो सके हैं।

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलवामा के लारो-परिगाम इलाके में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को यह सफलता मिली है। दरअसल, जिले के परिगाम गांव में आतंकवादियों की गतिविधियों से जुड़ी सूचना सुरक्षाबलों को मिली थी। कश्मीर जोन पुलिस ने रविवार रात इलाके में शुरू हुई मुठभेड़ की जानकारी ट्विटर के जरिए दी थी। सोमवार सुबह तक दोनों ओर से गोलीबारी जारी रही।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में भी दो सप्ताह पहले मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था। 5 अगस्त को सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस की तरफ से ऑपरेशन शुरू किया गया था। खास बात है कि इससे पहले कुलगाम जिले में हुई मुठभेड़ में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे।

खेल

## ऋतुराज गायकवाड़ और रिंकू सिंह चमके, आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में भारत ने दर्ज की शानदार जीत

**डबलिन, (एजेंसी)** ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद अनुशासित गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टी20 मैच में रविवार को आयरलैंड को 33 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढत बना ली। गायकवाड़, संजू सैमसन और रिंकू सिंह की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम आठ विकेट पर 152 रन ही बना सकी जिसमें एंड्रयू बालबर्नी ने 51 गेंद में 72 रन बनाए।



भारत के लिए गायकवाड़ ने 43 गेंद में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाये जबकि संजू सैमसन ने 26 गेंद में 40 रन बनाये जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। आईपीएल स्टार रिंकू सिंह ने 21 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों के साथ 38 रन बनाए। भारत ने वर्षाबाधित पहला टी20 मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली से दो रन से जीता था। कप्तान जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने मिलकर छह विकेट निकाले। कृष्णा ने अपने पहले ओवर में आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग और लोरकान टकर को पवेलियन भेजा। वहीं लेग स्पिनर बिश्नोई ने हैरी टेक्टर को गुगली पर आउट किया। आयरलैंड का स्कोर पावरप्ले के बाद तीन विकेट पर 31 रन था।

बालबर्नी ने अकेले मोर्चा संभालते हुए 51 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। मार्क एडेयर ने 15 गेंद में 23 रन की पारी खेली। इससे पहले भारतीय पारी का आगाज काफी आक्रामक रहा जब सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने जोश लिटिल की गेंद पर दो चौके और एक छक्का लगाया। जायसवाल ने 11 गेंद में 18 रन बनाए। जायसवाल इस आक्रामक शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और क्रेग यंग ने उन्हें डीप में कर्टिस कैम्फर के हाथों लपकवाया। तिलक वर्मा लगातार दूसरे मैच में नाकाम रहे और बैरी मैकार्थी की गेंद पर सीमारेखा के पास जॉर्ज डॉकरेल को कैच दे बैठे। भारत के दो विकेट 35 रन पर गिर गए थे जिसके बाद सैमसन और गायकवाड़ ने तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी करके भारत को 12वें ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का चयन सोमवार को होना है और ऐसे में सैमसन ने शानदार पारी खेलकर अपना दावा भी पेश किया है। गायकवाड़ ने उनके सहयोगी की भूमिका निभाते हुए उन्हें अधिकतम स्ट्राइक दी। सैमसन ने 11वें ओवर में जोश लिटिल की धुनाई करते हुए 18 रन निकाले इसमें लगातार तीन चौके शामिल थे। वह लेग स्पिनर व्हाइट को कवर के ऊपर खेलने के प्रयास में चूके और गेंद उनके स्टम्प पर जा लगी। गायकवाड़ ने इस बीच व्हाइट की गेंद पर पुल शॉट खेलकर टी20 क्रिकेट में दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने व्हाइट को उसके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। गायकवाड़ की पारी का अंत मैकार्थी की धीमी गेंद पर हुआ और मिडआफ में हैरी टेक्टर ने उनका कैच लपका।

सिनेमा

## नीलाम नहीं होगा सनी देओल का बंगला, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताई नीलामी पर रोक लगाने की वजह




बॉलीवुड एक्टर और भाजपा सांसद सनी देओल का जुहू वाला बंगला नीलाम नहीं होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये वसूलने के लिए सनी देओल के विला को नीलाम करने का नोटिस जारी किया था, जिसे एक दिन बाद ही तकनीकी कारणों का हवाला देकर वापस ले लिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को अखबार में भूल सुधार छपवाकर कहा है कि एक्टर के जुहू बंगले को नीलाम करने के लिए जारी किया गया ई-ऑक्शन का नोटिस तकनीकी कारणों से वापस ले लिया गया है। इससे पहले 20 अगस्त को बैंक ने अखबार में ई-ऑक्शन का नोटिस जारी करके कहा था कि 25 सितंबर को यह नीलामी की जाएगी। गुरदासपुर से सांसद बैंक से 55.99 करोड़ रुपये के लोन, ब्याज और जुर्माने पर डिफॉल्ट का सामना कर रहे हैं। उन पर यह मामला दिसंबर 2022 से जारी है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से रविवार को जारी सार्वजनिक निविदा में कहा गया था कि बैंक मुंबई के टोनी जुहू इलाके में गांधीग्राम रोड पर स्थित सनी विला की संपत्ति कुर्क की है। नीलामी के लिए रिजर्व प्राइस 51.43 करोड़ रुपये और 5.14 करोड़ रुपये की बयाना राशि तय की गई है।

# अज्ञात वाहन ने ली कावड़िये की जान

**◆बेटमा बायपास पर हादसा- पिता-पुत्र दोनों पहली बार कावड़ लेकर निकले थे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बेटमा के बीच बायपास पर देर रात 18 साल के एक कावडिय़े की मौत हो गई। वह रविवार दोपहर अपने पिता के साथ कावड़ लेकर निकला था। रविवार देर रात करीब 3 बजे इंदौर बेटमा बायपास पर उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद उसे एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां रात में ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

बेटमा पुलिस के मुताबिक नानेश (18) पुत्र राजेश कुमार निवासी रेशमगारा धार की घाटा बिल्लौद बायपास के पास हादसे में मौत हो गई। पिता राजेश ने बताया कि रात में वह अपने दोस्त के साथ कावड़ यात्रा में आगे की तरफ चल रहा था। इसी दौरान उसे अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया। पिता राजेश ने बताया कि वह ओंकारेश्वर से कावड़ लेकर कोटेश्वर मंदिर बदनावर तहसील के लिये निकले थे। दोपहर में करीब साढ़े तीन बजे के लगभग बड़वाह से आगे निकले। जिसमें सभी कावडिय़ों को सोमवार को मंदिर पर जल अभिषेक करने के लिये पहुंचना था। इसलिये रासते में एक बार रूककर रात को भी चल रहे थे।

रिश्तेदारों के मुताबिक नानेश बीएससी फर्स्ट ईयर की पढाई कर रहा है। उसके पिता प्रायवेट नौकरी करते हैं। परिवार के लोगों के मुताबिक नानेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। दोस्त शांतिलाल ने बताया कि दोनों ने पहली बार ही कावड़ उठाई थी। जिसमें बेटा हादसे का शिकार हो गया।

# तीसरी रात भी चला पुलिस का अभियान, शराबी और चाकूबाजों की धरपकड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शुक्रवार और शनिवार के बाद रविवार की रात को भी इंदौर पुलिस एक्शन में नजर आई। पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने चारों जोन के पुलिस उपायुक्त को अमलें के साथ मैदान में उतारा। रात 10 बजे पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल पर ब्रिफिंग कर सभी को टास्क देकर रवाना किया। पुलिस का जोर नशाखोरी और चाकूबाजी पर था। नशे में वाहन चलाने वालों को ब्रिथएनालाइजर से जांच की और कारें जब्त कर ली।**

शराब दुकानों के बाहर खड़ी भीड़ और खुले में शराब पीने वालों को पकड़ कर केस बनाए। उन दुकानों की जांच कि जो नाइट कल्चर के दायरे में खुली हुई थी। बाहर खड़े होकर सिगरेट पीने वालों के विरुद्ध तंबाकू नियंत्रण कानून के तहत कार्रवाई की।दुकानों के लाइसेंस और नियम-शर्तों को देखा गया। इस दौरान कनाडिय़ा पुलिस ने शराब दुकान के पास एक बदमाश को चाकू सहित पकड़ा।

इंदौर में पिछले दिनों हत्या और चाकूबाजी की बढ़ती वारदात के बाद पुलिस ने शनिवार रात से कार्रवाई का अभियान शुरू किया था। जिसमें देर रात तक 6 घंटे में 1600 अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को पकडक़र उनसे माफी मंगवाई गई। इस दौरान 30 चाकूबाजों को भी पकड़ा गया। पूरी रात पुलिस के आला अधिकारी भी इस कार्रवाई में जुटे रहे।

# शराब की दुकान का विरोध, हनुमान चालीसा पाठ किया

**◆रहवासियों ने संभाला मोर्चा, महिलाएं लाठियां लेकर पहुंची, पुलिस को दिया ज्ञापन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा क्षेत्र में शराब की दुकान हटाने के लिए इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में क्षेत्र के नागरिकों ने धरना देकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह लगातार दूसरा रविवार था, जब क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा इस दुकान को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया गया। आंदोलन के दौरान अनेक महिलाएं लाठियां लिए हुए थीं। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया।

चौकसे ने पिछले रविवार को ही यह घोषणा कर दी थी कि जब तक शराब की इस दुकान को नहीं हटाया जाएगा, तब तक हर रविवार को यहां पर क्षेत्र के रहवासियों को साथ में लेकर आंदोलन किया जाएगा। जिस स्थान पर यह शराब की दुकान है उसके ठीक सामने मानसिक चिकित्सालय है। इसके अतिरिक्त वहां पास में ही मंदिर और स्कूल भी है। सरकार के द्वारा तय किए गए नियम के अनुसार यह शराब की दुकान इस स्थान पर नहीं खुल सकती है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा मनमानी करते हुए यहां पर शराब की दुकान खुलवाई गई है।

**दुकान नहीं हटी तो अगले रविवार फिर आंदोलन-** 20 अगस्त को चिंटू चौकसे और राजू भदौरिया के नेतृत्व में धरना देने के साथ-साथ नागरिकों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। रहवासियों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इसके साथ ही एक बार फिर रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शराब की दुकान को नहीं हटाया गया तो अगले रविवार को फिर आंदोलन किया जाएगा।

## आंदोलन में महिलाएं भी शामिल

आंदोलन में राजेश चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, पार्षद धर्मेंद्र मौर्य, शेखर पटेल, अशोक यादव, नागेश जाधव, भूपेंद्र चौहान, राजा पटेल, गोपी यादव, शरद शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, गौरी शंकर शुक्ला, शिवशंकर यादव, रजत पाल, नवीन कश्यप, नरेंद्र बोरासी, सुनील जाधव, कल्लू बिंजवा, वीरू ठाकुर, दीपक बडोले, नरेंद्र ठाकुर, अशोक प्रजापत, गुड्डू कुशवाह, शंकर श्रीवास, राज गुर्जर, भूपेंद्र दाधीच, सरोज कुशवाह, रीता डांगरे, वतन जाधव, महेश प्रजापत, मदन विजय बिरथरे, शुभम सिसोदिया, केशव नामदेव, आयुष पाल, दिलीप पाल, आदर्श बोरासी और अनेक कांग्रेसजन शामिल हुए। आंदोलन में क्षेत्र की महिलाओं ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

# बच्ची के झूले का फंदा बनाकर मां ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक मां ने अपनी तीन माह की बेटी के झूले का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने बेटी को झूले से उतारकर नीचे सुला दिया। दिन में बच्ची के रोने पर दूसरे कमरे में सो रहे पति की नींद खुली। बच्ची के पास आकर देखा तो पत्नी फंदे पर लटक रही थी। तत्काल साले और ससुर को इसकी जानकारी दी। तीनों निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

राऊ पुलिस के मुताबिक कल्पना (27) पति समरजीत सिंह निवासी सांई विहार कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगा ली। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि घटना के समय समरजीत अंदर के कमरे में सो रहा था। दोपहर में बच्ची के रोने के चलते उसकी नींद खुली। तभी बाहर आकर देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी।

## झूले को बनाया फंदा

समरजीत ने बताया कि वह फार्मा कंपनी में काम करते हैं। रविवार सुबह नाइट शिफ्ट कर घर आए थे। इसके बाद वह रूम में सोने चले गए। पत्नी कल्पना अपनी तीन माह की बेटी को लेकर दूसरे कमरे में थी। पति समरजीत ने बताया कि पत्नी ने अपनी साड़ी का झूला बेटी के लिये बनाया था। उसी झूले से वह फंदे पर लटक गई।

## ढाई साल पहले हुई शादी

समरजीत के मुताबिक मई 2021 में दोनों की शादी हुई थी। वह मूल रूप से सागर का रहने वाला है। उसका ससुराल मूसाखेड़ी में है। जॉब के चलते वह इंदौर में रहने आ गया था। 2016 से वह यहीं रहता था। राऊ पुलिस के मुताबिक परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# हथियारों के सौदागर पकड़ाए, दस पिस्टल और कारतूस बरामद

**धार से हथियार खरीदकर राजस्थान में करते थे सप्लाय**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए हथियारों के दो सौदागरों को गिरफ्त में लेकर इनके पास से दस पिस्टल व कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि धार जिले से हथियार खरीदकर राजस्थान में इसकी डिलेवरी देते थे। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर धार से अवैध हथियार खरीदकर राजस्थान में बेचने जा रहे हैं जो शहर से होकर जाएंगे। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर वाहिद उर्फ वायद खान पिता पप्पू निवासी राजस्थान और रवि पिता बतुलाल निवासी माधोपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दस देशी पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

# सात दिन में दो बार नजर आया बाघ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **समीपस्थ महू में पिछले तीन माह से अधिक समय से महू व मानपुर वन क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट जारी है। करीब एक माह से बाघ का मूवमेंट ना के बराबर नजर आ रहा था। अब एक बार फिर से बाघ का मूवमेंट बडग़ोंदा नर्सरी में देखा गया है। सात दिनों के भीतर यहां पर दो बार नर्सरी के कर्मचारियों को बाघ का मूवमेंट नजर आया है।**

इसमें बाघ के पगमार्क व विस्टा भी कर्मचारियों ने देखी है। मई में बाघ का पहली बार मूवमेंट हुआ था। जिसके बाद लगातार बाघ ने मवेशी के साथ ही मलेंडी में एक व्यक्ति का भी शिकार किया था। पिछले कुछ समय से बाघ का किसी तरह का मूवमेंट नजर नहीं आ रहा था। कयास लगाए जा रहे थे कि बाघ बारिश शुरू होने के बाद जंगल की तरफ निकल गया है।

पिछले सात दिन के भीतर बडग़ोंदा नर्सरी में ही दो बार बाघ का मूवमेंट देखा गया है। यहां के कर्मचारियों ने रात के समय बाघ को प्रत्यक्ष देखा है। वहीं बाघ के पगमार्क व विस्टा भी मिली है। स्थानीय स्तर पर वन विभाग के अधिकारी बाघ को लेकर किसी भी तरह की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। नर्सरी घने जंगल की तरह 120 हेक्टेयर में फैली हुई है। बारिश के बाद यहां पर भरपूर हरियाली भी आ गई है। साथ ही यहां पर बाघ को विचरण करने के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है।

बाघ को यहां पर पानी के साथ ही शिकार के लिए जंगली सूअर, नील गाय आदि मिल रहे हैं। इसके पूर्व भी बाघ को यहां देवास से पौधे लेने आए वन विभाग के श्रमिकों ने देखा था। उस वक्त बाघ के फोटो व वीडियो भी वायरल हुए थे। जिस जगह मूवमेंट वहां की झाडिय़ों की सफाई करवाई यहां बडग़ोंदा नर्सरी में बाघ का जिस जगह पर मूवमेंट नजर आया है।

वह स्थान आवाजाही के मार्ग से सटा हुआ है। इस स्थान पर झाडिय़ां होने से अगर कोई जानवर बैठा है तो वह नजर नहीं आता है। मार्ग के आसपास सटी झाडिय़ों की सफाई करवाई है। ताकि नर्सरी के कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। महू. बडग़ोंदा नर्सरी में बाघ के पगमार्क मिले।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।